C M Y K

रायगढ़, शुक्रवार
06.01.2017
पौष शुक्ल 8
पृष्ठ 8, मुल्य 3

साप्ताहिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

Web: www.nyaysakshi.com



7 | नए साल का प्रदूषण रहित स्वागत करें: दीया मिर्जा



2 | अधिकांश बच्चों को पसंद स्मार्टफोन से पढ़ाई

» वर्ष-1 » अंक-03 »

## खबर खास

### ब्राजील के जेल में हुए दंगों में 60 लोगों की मौत



ब्राजील के अमेजन क्षेत्र स्थित एक जेल में प्रतिद्वंद्वी गिरोहों के बीच हुए दंगों में कम से कम 60 लोगों की मौत हो गयी। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। राज्य के जेल प्रशासन के प्रमुख पेद्रो फ्लोरेंसियो ने कहा, दंगे शनिवार को अमेजन राज्यों की राजधानी मनाओस की जेल में हुए।

### पहले ही दिन ओबामा के कई कदमों को निरस्त करेंगे ट्रंप: करीबी सहयोगी



अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक निकट सहयोगी ने सोमवार को कहा कि व्हाइट हाउस में दाखिल होने के पहले ही दिन ट्रंप वर्तमान राष्ट्रपति बराक ओबामा के उन कई कार्यकारी फैसलों को पलट देंगे, जिनके बारे में उनको लगता है कि इनसे आर्थिक प्रगति और रोजगार सृजन दोनों प्रभावित हुए हैं।

### इस्तांबुल हमला: आईएस ने ली जिम्मेदारी, हमलावर की तलाशी जारी



आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ने तुर्की के इस्तांबुल शहर में नववर्ष के मौके पर एक नाइट क्लब में हुए हमले की जिम्मेदारी ली है। हमलावर अब तक फरार है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। हमले में 39 लोग मारे गए थे।

### अजगर पूरा निगल गया एक बड़े से जानवर को!




अजगर कितना शक्तिशाली होता है ये बताने की आवश्यकता नहीं, इसी बात को एक बार फिर साबित किया है एक अजगर ने, जो कंगारु जैसे एक जानवर को पूरा निगल गया। ये तस्वीरें इंग्लैंड के न्यू क्वींस्लैंड से आई हैं जहां एक फ़ोटोग्राफर ने इस अपने कैमरे में कैद किया था।

### इंडोनेशिया में नौका में आग लगने से 23 लोगों की मौत, 17 अब भी लापता



जकार्ता के तट के पास एक नौका में आग लगने की घटना में 17 लोगों के अब भी लापता होने के बीच आज तलाश अभियान फिर से शुरू हो गया। इस दुर्घटना में 23 लोगों की मौत हो गई।

### बीजिंग पर छाया गहरा स्मॉग, चीन ने बढ़ाई ऑरेंज अलर्ट की अवधि



नए साल में भी बीजिंग पर जहरीली धुंध छाए रहने पर चीन ने भारी वायु प्रदूषण की स्थिति में जारी किए गए ऑरेंज अलर्ट की अवधि तीन दिन के लिए और बढ़ा दी है। इस कारण अधिकारियों को पड़ोसी तियानजिन शहर में सैकड़ों उड़ानें रद्द करने के लिए विवश होना पड़ा है।

### जयललिता के शव को बाहर निकालने के पक्ष में नहीं: नायडू



मद्रास उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश के यह संकेत देने के बाद कि वह पूर्व मुख्यमंत्री जे जयललिता के शव को कब्र से बाहर निकालने का आदेश दे सकते हैं, केंद्रीय मंत्री वेंकैया नायडू ने कहा कि वह इसके पक्ष में नहीं हैं।

### तुर्की में मारे गए दोनों भारतीयों का शव कल आएगा भारत: सुषमा



तुर्की के इस्तांबुल स्थित नाइट क्लब में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए दोनों भारतीयों के शव बुधवार को भारत लाये जाएंगे। मारे गए लोगों में बॉलीवुड निर्माता अबीस हसन रिजवी भी शामिल हैं। हमले में कुल 39 व्यक्ति मारे गए थे।

### जम्मू-कश्मीर: सुरक्षाबलों के साथ आतंकियों की मुठभेड़, मारा गया एक आतंकी



उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिला स्थित सोपोर में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में आज एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया। जिस सम्बंध में अभी सघन जॉच जारी है।

### समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन को लेकर अस्पष्ट है कांग्रेस



समाजवादी पार्टी में पारिवारिक कलह के गहराने की पृष्ठभूमि में कांग्रेस उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव में सपा के साथ संभावित गठबंधन के मुद्दे पर सोमवार को अस्पष्ट दिखाई दी।

### 155 दं.प्र.सं. पुलिस हस्तक्षेप अयोग्य अपराध देकर इति कर लेते हैं पुलिसवाले!!

# स्पष्ट साक्ष्य होने पर भी कोई कार्यवाही नहीं

**न्यायसाक्षी/रायगढ़।** सामाजिक न्याय संघ के समक्ष प्रस्तुत होकर दिए अपने लिखित आवेदन में पीड़ित रामसागर आ. मनबोध राम, उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम गझियाडीह पो. कोल्हेन झरिया तहसील फरसाबहार, थाना तुमला, जिला जशपुर, छ.ग. ने बताया कि उसके साथ जालसाजी की गई है, अतः प्रकरण पंजीबद्ध कराकर कार्यवाही कराने का निवेदन स्वीकार किया जावे। उसने अपने आवेदन के साथ शपथ-पत्र भी दिया है।



पीड़ित ने अपने आवेदन में बताया कि मेरे साथ संजय खलखो आ. मलाकी खलखो, ग्राम ठेठेटांगर तहसील एवं थाना कुनकुरी जिला जशपुर, छ.ग. ने धोखाघड़ी की है, जिसके सम्बंध उसने बताया कि किश्तों में एक आयशर टेक्टर खरीदा था, जिसकी किश्त भरने की उसकी आर्थिक स्थिति नहीं थीं, तब उसके द्वारा मुझे कहा गया कि आप मेरी किश्त भर दीजिए, और तब तक ट्रेक्टर को अपने पास ही रखिए, मैं आपकी रकम को चुकाने के बाद अपने वाहन को आपसे वापस ले लूँगा।

आवेदक ने कहा कि मैं उसके द्वारा कहे कथन पर राजी हो गया और मैंने दिनॉंक 14/05/2015 को नगद में 1,00,000/- रु. अक्षरांक एक लाख रुपये दिए और ट्रेक्टर को अपने पास रख लिया। इसके कुछ दिन बाद उक्त संजय खलखो आ. मलाकी खलखो, ने मुझ से आकर कहा कि ट्रेक्टर की किश्त भरनी है, 48,000/- रुपये अक्षरांक अड़तालिस हजार मात्र दीजिए नहीं तो वाहन को कम्पनी वाले खींच के ले जायेगे। तब मैने उसको 48,000/- रुपये अक्षरांक अड़तालिस हजार रुपये दिए, मेरे द्वारा ट्रेक्टर का उपयोग कृषि कार्य में किया जा रहा था। विदित हो कि उक्त समस्त लेन-देन हेतु ईकरारनामा समक्ष गवाहान् जारी किया गया था, जो कि आवेदन के साथ संलग्न है। इसके कुछ दिन बाद उक्त संजय खलखो आ. मलाकी खलखो, मेरे पास आया और उसके द्वारा मुझे 1,30,000/- का चेक दिया और कहा कि मुझे काम है, मैं वाहन ले जा रहा हूँ , आपको बचे 18,000/- अठ्ठारह हजार कुछ दिन में दे दूँगा। मैंने भी ईकरारनामा शर्त के मुताबिक उक्त चेक को लेकर उसे वाहन सौंप दिया, और बचे 18,000/- अक्षरांक अठ्ठारह हजार के लिए समय दे दिया।

पीड़ित ने बताया कि जब मैंने चेक बैंक में जमा किया तो पता चला कि खाते में रकम ही नहीं है, मुझे धोखा होने का अहसास हुआ मैंने उक्त संजय खलखो आ. मलाकी खलखो, से बात की तो उसने बताया कि कुछ दिन रुक जाईये, मैं रकम जमा करके, आपको सूचित कर दूँगा। मैंने सद्भाविक विश्वास किया, लेकिन उसने ना तो आजतक मुझे रकम लौटाई और नाही मुझे टेक्टर दिया। जिससे मैं बेहद आहत हूँ।

#### एस.जे.यू.से की शिकायत

**मेरे विरुद्ध की गई घोखाघड़ी के सापेक्ष में मुझे तत्काल न्यायिक सहायता प्रदान किया जाकर न्यायोचित क्रियांनवन् करा के जालसाजी कर धोखा करने वाले के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कराने की कृपा की जावे, साथ ही कहा कि मैं बहुत पीड़ित हूं, असहाय हूं , मुझे मेरे घर-परिवार हेतु रकम की आवश्यकता है, आवश्यक न्यायोचित कार्यवाही कर मेरी मदद की जावे।**

#### एस.जे.यू. ने भेजा प्रकरण - नहीं हुई कोई कार्यवाही

राज्यपाल महोदय, मुख्यमंत्री, कलेक्टर जशपुर, पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा, एस.पी. महोदय, जशपुर, थाना प्रभारी- थाना तुमला, थाना प्रभारी-थाना कुनकुरी, को मय दस्तावेज प्रकरण भेजा जा चुका है, लेकिन आज दिनॉंक तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

## टाइटेनिक डूबने का असली कारण बॉयलर में आग लगना था: वृत्तचित्र

दुनिया का सबसे मशहूर जहाज टाइटेनिक के डूबने की असली वजह सिर्फ उसका बड़े हिमखंड से टकराना नहीं बल्कि समुद्री जहाज के बॉयलर कक्ष में आग लगना था। इस बात का दावा एक नए वृत्तचित्र में किया गया है। वर्ष 1912 में हुए इस हादसे में 1500 ज्यादा लोग मारे गए थे।



## मैं मुलायम के साथ था और हमेशा रहूंगा: अमर सिंह



समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता अमर सिंह ने सोमवार को कहा कि वह पार्टी प्रमुख मुलायम सिंह यादव के साथ थे और हमेशा रहेंगे। सपा में जारी घमासान और पार्टी में उनकी मौजूदगी को लेकर जारी विरोध के बीच लंदन से छुट्टियां मनाकर यहां लौटे अमर सिंह ने संवाददाताओं से कहा कि मैं मुलायम के साथ था और हमेशा रहूंगा। उनके साथ मेरे संबंध ने मुझे हीरो बना दिया और जरूरत पड़ी तो मैं खलनायक भी बन सकता हूं।

## धोनी से छोड़ी वनडे व टी-20 की कप्तानी



**नई दिल्ली।** वनडे और टी-20 सीरीज में महेंद्र सिंह धोनी के भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी धोड़ने के बाद अब इस बात की चर्चा जोरों पर है कि इस फॉरमेट में टीम इंडिया का अगला वनडे और टी-20 का कप्तान कौन होगा? संभावनाओं पर गौर करने के बाद इसके लिए विराट कोहली प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। धोनी के अचानक में लिए फैसले के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के बाद विराट के अलावा कोई दूसरा बेहतर विकल्प नहीं है। साथ ही धोनी के इस फैसले के बाद टेस्ट टीम के कप्तान विराट कोहली के सीमित ओवरों की टीम की कमान संभालने का रास्ता भी साफ हो गया है।



### एटमी हथियार ले जाने में सक्षम अग्नि-4 मिसाइल का टेस्ट कामयाब

भारत ने आज ओड़िशा अपतटीय क्षेत्र में एक परीक्षण स्थल से परमाणु आयुध ले जाने में सक्षम अग्नि-4 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल प्रायोगिक परीक्षण किया। सतह से सतह पर मार करने वाली इस मिसाइल की मारक क्षमता 4,000 किलोमीटर है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के सूत्रों ने बताया कि मोबाइल लॉन्चर की मदद से, सुबह 11 बजकर करीब 55 मिनट पर अग्नि-4 को डॉ अब्दुल कलाम द्वीप स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) के परिसर संख्या चार से दागा गया।

### दक्षिणी बगदाद में आत्मघाती बम हमला, नौ की मौत

इराकी अधिकारियों ने बताया कि दो आत्मघाती हमलावरों ने दक्षिणी बगदाद की एक जांच चौकी पर खुद को बम से उड़ा लिया, जिससे चार सुरक्षा बलों समेत नौ लोगों की मौत हो गयी।

## उत्तर कोरिया की कोई भी मिसाइल अमेरिका तक पहुंचने में कामयाब नहीं होगी: डोनाल्ड ट्रंप




अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्विटर पर वादा करते हुए लिखा है कि उत्तर कोरिया कोई भी ऐसा परमाणु मिसाइल नहीं बनाएगा जो अमेरिकी क्षेत्र तक पहुंचने में सक्षम हो। ट्रंप का बयान उत्तर कोरिया नेता किम जोंग-उन के उस बयान के बाद आया है जिसमें उन्होंने ट्रंप पर एक तरह से दबाव बनाते हुए घोषणा की थी कि उनका देश अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल के निर्माण के अंतिम चरण में पहुंच गया है।

## सरकार से नाराज़ पर, सरकार के साथ

नये साल में देश के सामने सबसे बड़ी चुनौती कैशलेस इंडिया की तरफ बढ़ने की है। नोटबंदी के बाद देश की अर्थव्यवस्था काफी हद तक इस दिशा में आगे बढ़ रही है, लेकिन सरकार के लिए चुनौतियां रहेंगी।

नोटबंदी के फैसले के बाद पूरी दुनिया के मन में ये सवाल है कि देश की जीडीपी की ग्रोथ रेट कैसी रहेगी। राजनीति की बात करें तो उत्तर प्रदेश समेत इस वर्ष 7 राज्यों में चुनाव होंगे। लेकिन सबसे ज्यादा नज़र अगर किसी राज्य पर हैं तो वो है उत्तर प्रदेश। इन 7 राज्यों के चुनावों के नतीजे ये भी साफ करेंगे कि नोटबंदी की परेशानी से आम लोग नाराज़ हैं या फिर इस क्रांतिकारी फैसले पर सरकार के साथ हैं।



# केंद्र सरकार को बैंकों के बकाया वसूली मामलों की जानकारी देने का निर्देश



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को केंद्र सरकार को बैंकों और वित्तीय संस्थानों द्वारा दाखिल बकाया वसूली मामलों की जानकारी देने का निर्देश दिया। न्यायालय ने सरकार से उन मामलों की भी जानकारी मांगी है जो पिछले दस सालों से ऋण वसूली न्यायाधिकरणों (डीआरटी) और उनकी अपीलीय इकाइयों में लंबित हैं।

#### धर्म के नाम पर वोट मांगना 'भ्रष्ट आचरण' सुप्रीम कोर्ट

धर्म, जाति और अन्य मुद्दों को राजनीति से अलग करने वाले एक ऐतिहासिक फैसले में उच्चतम न्यायालय ने बहुमत के फैसले में सोमवार को कहा कि उम्मीदवारों का इन पहचानों के आधार पर वोट की अपील करना 'भ्रष्ट' आचरण है और इसके दायरे में सिर्फ वही नहीं बल्कि उसके एजेंट और मतदाता भी आते हैं।

#### अध्यादेशों को फिर से जारी करना संविधान से 'धोखा' - सुप्रीम कोर्ट

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि अध्यादेशों को फिर से जारी करना संविधान से 'धोखा' और लोकतांत्रिक विधायी प्रक्रिया को नुकसान पहुंचाना है, विशेष तौर पर जब सरकार अध्यादेशों को विधानमंडल के समक्ष पेश करने से लगातार परहेज करे।

### दो-मोर्चों पर युद्ध के लिए तैयार लेकिन शांति चाहते हैं : सेना प्रमुख



सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत ने सोमवार को कहा कि उनकी सेना एकसाथ दो मोर्चों पर पाकिस्तान और चीन के साथ युद्ध के लिए तैयार है लेकिन उन्होंने बीजिंग के साथ टकराव के बजाय सहयोग पर ध्यान देने की जरूरत पर बल दिया।

## दुनिया के सबसे खुश इंसान से मिलिएं, जो 26 साल में एक बार भी नहीं हुआ दुखी



दुनिया में सबसे खुश रहनेवाला इंसान कौन है? इस सवाल का जवाब देना आपके लिए शायद मुश्किल होगा। लेकिन दुनिया में ऐसा व्यक्ति भी मौजूद है जो पिछले 26 वर्षों में एक बार भी दुखी नहीं हुआ। 70 वर्ष के बौद्ध भिक्षु मैथ्यू रिकार्ड को दुनिया का सबसे खुश व्यक्ति माना जाता है। मैथ्यू रिकार्ड आखिरी बार 1991 में दुखी हुए थे, जब उनके गुरु की मौत हुई थी। आपको जानकर हैरानी होगी कि मैथ्यू की खुशी से प्रभावित होकर अमेरिका की विस्कॉन्सिन यूनिवर्सिटी ने उन पर 12 वर्षों तक एक रिसर्च किया। इस रिसर्च के दौरान उनके सिर पर 256 सेंसर्स लगाए गए। वैज्ञानिकों ने रिसर्च में पता लगाया कि जब मैथ्यू दया पर आधारित ध्यान करते हैं तो उनके दिमाग में गामा तरंगे पैदा होती हैं। मैथ्यू के ब्रेन स्कैन के दौरान इन तरंगो को रिकॉर्ड किया गया। ये तरंगे चेतना, ध्यान और याददास्त से जुड़ी हुई हैं।

C M Y K